## कोविड19 दौरान अनुदान खोजने और शिकारी उधार दाताओं से बचने की युक्तियाँ

पूंजी के स्रोतों की तलाश करते समय, शिकारी उधार दाताओं से बचना और वित्तपोषण की शर्तों जानना महत्वपूर्ण है। जब की कई उधार दाता, जूझते छोटे व्यवसायों की सेवा करना चाहते हैं, सभी प्रकार के लघु व्यवसाय वित्तपोषण, संघीय सरकार द्वारा विनियमित नहीं है और कुछ धोखेबाज उधार की सख्त जरूरत वाले छोटे व्यवसायों को शिकार बना उनका फायदा उठा सकते हैं। कुछ धोखेबाज लोग छोटे कारोबारियों से सरकारी राहत कार्यक्रमों का घोटाला कर रहे हैं। पारंपरिक ऋण उत्पादों की तरह विनियमित न होने वाले अन्य अतिरिक्त ऋण उत्पादों में शामिल हैं - ऑनलाइन बाज़ार ऋण, भुगतान विक्रेता ऋण, व्यापारी नकद अग्रिम, और अन्य प्रकार के अल्पकालिक वित्तपोषण। इस प्रक्रिया में ऋण दलाल की भूमिका समझना महत्वपूर्ण है। एक ऋण दलाल ऋणदाता नहीं होता है - दलाल आपके व्यवसाय को वित्त पोषण के लिए एक ऋणदाता को देते हैं। यदि आपका छोटा व्यवसाय **कोविड 19** से प्रभावित हुआ है और आप वित्तपोषण प्राप्त करने की कोशिश में हैं, तो यह कुछ ज़रूरी युक्तियाँ और संसाधन हैं जिन्हें जानने से आपको उधार प्राप्त की विधि और शिकारी ऋणदाता से बचने के तरीकों का ज्ञान मिलेगा

### अमेरिकी लघु व्यवसाय प्रशासन (एसबीए) के माध्यम से पूंजी मांग की विधि

- सभी आर्थिक चोट आपदा ऋण (ईआईडीएल) एसबीए के माध्यम से वितरित किए जाते हैं; किसी और ऋणदाता को ऋण देने की अनुमति नहीं हैं। आप नकली एसबीए ईआईडीएल ऋणदाता से सावधान रहें।
- एसबीए 7 (ए), पीपीपी या ईआईडीएल ऋण या अनुदान आपसे नहीं मांगेगा । यदि आप से कोई एसबीए से होने का दावा कर संपर्क करता हैं तो धोखाधड़ी का शक करें।
- यदि आपसे कोई यह कह कर संपर्क करें की वे एसबीए ऋण की स्वीकृति दिला सकते हैं,लेकिन पहले भुगतान की आवश्यकता लगाएं या फिर ऊँचे ब्याज पुल ऋण प्रस्ताव करें, तो धोखाधड़ी का संदेह करें।
- पेरोल प्रोटेक्शन प्रोग्राम लोन स्वीकृत 7 (ए) ऋणदाताओं के माध्यम से दिया जाएगा। एसबीए, पी पी पी ऋण देने में सक्षम ऋणदाताओं की संख्या में विस्तार कर रहा हैं । यदि ऋणदाता की पात्रता के बारे में संदेह है, तो अपने स्थानीय एसबीए जिला कार्यालय से संपर्क करें।
- पीपीपी या ईआईडीएल ऋण के लिए आवेदन या बंद करने के लिए कोई जुड़ी फीस नहीं होनी चाहिए । ऋणदाता के फीस/ शुल्क का भुगतान सरकार करेगी।
- यदि आप एसबीए ऋण के लिए आवेदन की प्रक्रिया में हैं और आपको व्यक्तिगत पहचान के प्रमाण का ईमेल मिले, तो सुनिश्चित करें की संदर्भित आवेदन संख्या, वास्तविक आवेदन संख्या से अविरोधी है।

**अधिक जानकारी:** https://www.sba.gov/document/report--sba-programs-scams-fraud-alerts

**यदि आप अपनी छोटी व्यवसाय वित्तपोषण कहानी बताना चाहें तो स्माल बिज़नेस मेजोरिटी से बांटें!**
**हमारा सर्वेक्षण प्रपन्न:** https://www.surveymonkey.com/r/5F2VKFG

## पूंजी के अन्य स्रोतों की तलाश

इससे पहले कि आप वित्तपोषण के लिए आवेदन करें, यह महत्वपूर्ण है कि आप किसी भी ऋणदाता या दलाल से सही प्रश्न पूछें। नीचे आपको ऋण प्रक्रिया दौरान मार्गदर्शन करने के लिए एक जाँच सूची है। अतिरिक्त युक्तियों और मार्गदर्शन के लिए, हमारे संसाधन पोर्टल पर जाएँ Venturize.org

### जांच-सूची

☐ वार्षिक ब्याज दर या एपीआर कितना है? ध्यान दें यदि आपको सीधा उत्तर नहीं मिलता है। अपने ऋण का वार्षिक ब्याज दर जानने से आपको अन्य विकल्पों के साथ तुलना करने में सहायता मिलेगी

☐ सभी फीस क्या क्या हैं? क्या वे उद्धृत ब्याज दर में शामिल हैं? भुगतान राशि और आवृत्ति क्या हैं?

☐ ऋण की पूरी लागत क्या है?

☐ यदि मैं पूर्व भुगतान करता हूं, तो उधार मूलधन के अलावा मुझे कुछ और देना होगा? यदि हां, तो पूर्व भुगतान की लागत क्या है? यदि आप अपने ऋण को जल्दी चुकाते हैं तो भी कुछ उधार दाता वित्तपोषण शुल्क लागू कर सकते हैं। हालांकि यह एक लागत है, वे इसे "पूर्व भुगतान छूट" के रूप में पेश सकते हैं।

☐ अगर मैं भविष्य में आपके साथ दूसरा ऋण लेता हूं, तो क्या मुझे दुबारा भुगतान करना होगा? मतलब मुझे मेरे पिछले ऋण के मौजूदा मूलधन पर फिर से कोई वित्तपोषण शुल्क भुगतान करनी होगी?

☐ ऋण प्रस्ताव स्वीकार करने के लिए क्या मुझ पर कोई अल्प अवधि समय सीमा लगाई जाएगी? मनमाने तेज समय सीमा के ऋण स्वीकार करने का आप पर कोई दबाव नहीं होना चाहिए ।

☐ क्या आप मेरे ऋण चुकता जानकारी प्रमुख क्रेडिट ब्यूरो को रिपोर्ट करेंगे ताकि मैं अपना व्यवसाय क्रेडिट बना सकूं ? क्या आप सकारात्मक के साथ-साथ नकारात्मक सूचना भी देंगे? अगर मैं चुकाने में असमर्थ हो जाऊं तो आप ऋण चुकौती का प्रयास करेंगे ?

☐ यदि आप दलाल द्वारा काम कर रहे हैं, तो उनसे पता लगाएं:

  - ☐ आपके द्वारा प्रस्तुत प्रत्येक विकल्प की वार्षिक ब्याज दर या ऐपीआर क्या है?
  - ☐ आपको दलाल, के तौर पर प्रत्येक विकल्प के लिए, मेरे या ऋणदाता से कितना भुगतान मिलेगा?यदि मैं किसी खास तरह के ऋण लूँ तो क्या आप को अधिक पैसा मिलेगा?
  - ☐ आप के साथ काम करने वाले ऋण उधार कर्ताओं का समग्र सारांश दिखाएंगे? औसत ब्याज दर कितना है? ऑनलाइन बैंक लोन, मध्यावधि ऋण, या व्यापारी नकद अग्रिम या अल्पकालिक ऋण लेने वालों की क्या संख्या हैं?

**हम आपको लघु व्यवसाय उधार कर्ताओं (स्माल बिज़नेस बोर्रोवेर्स राइट्स बिल) के इन अधिकारों से परिचित होने के लिए प्रोत्साहित करते हैं, जिनका हमने जिम्मेदार व्यवसाय ऋण गठबंधन (रेस्पोंसिबल बिज़नेस क्रेडिट अलायन्स) के साथ भागीदार रूप, में विकाशन किया हैं**। ये मौलिक वित्तपोषण अधिकार हैं, जिसपर हमारे विश्वास में, सभी छोटे व्यवसाय योग्य हैं, - अधिकार, जो कि अधिकांश, अभी तक कानून द्वारा संरक्षित नहीं हैं। वे इस प्रकार हैं:
- पारदर्शी मूल्य निर्धारण और नियम का अधिकार
- गैर-अपमानजनक उत्पादों का अधिकार
- जिम्मेदार हामीदारी का अधिकार
- दलालों से निष्पक्ष उपचार का अधिकार
- समावेशी ऋण सुलभता का अधिकार
- उचित संग्रह आचरण का अधिकार

**जानकारी :** http://www.borrowersbillofrights.org/bill-of-rights.html

NATIONAL CAPACD

इस दस्तावेज़ का एवियन मैरियन कॉफ़मैन फ़ाउंडेशन के अनुदान के साथ एशियन पैसिफिक अमेरिकन कम्युनिटी डेवलपमेंट www.nationalcapacd.org के लिए राष्ट्रीय गठबंधन के साथ साझेदारी में अनुवाद किया गया था।